कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गोपालगंज।

———:: PLVs के चयन हेतु आवेदन ::———

(यह किसी सरकारी पद पर नियुक्ति नहीं है)

श्रीमान् प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश–सह–अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गोपालगंज के आदेश दिनांक–25.09.2025 के आलोक में बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के पत्रांक–40/BSLSA/70/13/P/809, दिनांक–23.03.2015 तथा बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के पत्रांक–185/BSLSA/npa/F/70/P/ 1927, दिनांक–23.07.2015 के आलोक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गोपालगंज द्वारा निम्न बिन्दुओं से सम्बंधित पात्रता रखने वाले उम्मीदवारों से आवेदन पत्र पी.एल.वी. पद हेतु आमंत्रित किया जाता है:––

1. पी.एल.वी. का चयन किसी सरकारी नौकरी में नियुक्ति नहीं है, चयन कर पैनलवद्ध किया जायेगा जिसका कार्यकाल 1 वर्ष का है।

2. बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के पत्रांक–185/वीएसएलएसए /एनपीए/एफ/70/पी/1927, दिनांक–25.7.15 एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के ई–मेल पत्र दिनांक–28.8.2025 के आलोक में सेवा निवृत कर्मी स्वयं सहायता समूह के कर्मी, एन.जी.ओ. कर्मी, विद्यार्थी, विधि छात्र, वरिष्ट नागरिक इत्यादि आवेदन दे सकते हैं। साथ ही पी.एल.वी. स्कीम के आलोक में ऐसे व्यक्ति महिला/पुरूष जो बिना किसी आर्थिक लाभ के समाज के कमजोर एवं वंचित वर्गों के उत्थान में रूचि रखते हो या उनके लिए कार्य करना चाहते हो, इनमें सेवानिवृत शिक्षक, सेवानिवृत सरकारी सेवक, वरिष्ट नागरिक, सेवा समूह, मैत्री समूह, जीविका इत्यादि के सदस्य, **Ex-Serviceman** सेना आदि भी एवं अन्य व्यक्ति भी जो स्वयं सेवा में रूचि रखते हैं, पूर्व में चयनित पी.एल.वी को भी पुनः आवेदन करना होगा।

3. यह सरकारी भर्त्ती नहीं है, इसलिए पदों पर आरक्षण नहीं है, परन्तु सभी वर्गों का प्रतिनिधित्व दिया जाना है। साथ ही जिले के सभी क्षेत्रों/प्रखण्डों का प्रतिनिधि को ध्यान में रखते भी चयन किया जाना है।

4. **योग्यता मैट्रिक पास।**

5. न्यूनतम आयु– दिनांक–31.08.2025 तक 18 वर्ष पूर्ण हो, अधिकतम उम्र सीमा निर्धारित नहीं है।

6. बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के पत्रांक–88/वीएसएलएसए/पीएलवी/1622, दिनांक–13.08.2025 तथा पत्रांक–213/एनपीए/ वीएसएलएसए/1025, दिनांक–03.07.2014 के आलोक में पी.एल.वी. द्वारा किये गये कार्यों को **मूल्याकनोंपरांत/750/– रुपया प्रतिदिन**। परन्तु यह मानदेय केवल उन विशेष दिनों के लिए देय होगा जिस दिन विधिक सेवा प्राधिकार उन्हें कोई विशेष कार्य कराने हेतु सौंपती है या पारा विधिक स्वयं सेवक गांव से किसी व्यक्ति को विधिक सेवा हेतु विधिक सेवा प्राधिकार, गोपालगंज में ले आता है या अपने क्षेत्र में विधिक जागरूकता शिविरों के आयोजन में सक्रिय भागीदारी निभाता है।

7. आवेदक कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकार (लोक अदालत) व्यवहार न्यायालय, गोपालगंज में **कार्यालय अवधि में दिनांक–07.10.2025 से 03.11.2025 तक समय 5:00 बजे तक** हाथों हाथ जमा कर सकते हैं या निबंधित/स्पीड पोस्ट द्वारा आवेदन प्रेषण **सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गोपालगंज 841428** के पते पर करेंगे। दिनांक–**03.11.2025** के बाद प्राप्त आवेदन **स्वीकार नहीं किए जायेंगे।**

8. साक्षात्कार आदि की सूचना सिविल कोर्ट के website ecourt पर upload किया जायेगा। अलग से कोई भी पत्राचार आवेदकों से नहीं किया जायेगा। इसलिए आवेदक सिविल कोर्ट के website पर Visit करते रहें या कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गोपालगंज के नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है।

9. पी.एल.वी. से सम्बंधित चयन प्रकिया आदि की समस्त अधिकार चयन समिति के पास सुरक्षित है।


10. **गोपालगंज जिले** के अभ्यर्थियों के आवेदन पर विचार किया जायेगा एवं अन्य जिले के अभ्यर्थियों के आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गोपालगंज।

आवेदन का प्रारूप

(यह किसी सरकारी पद पर नियुिक्ति नहीं है)

PLVs के चयन हेतु, आवेदन पत्र।



नवीनतम पासपोर्ट साईज फोटो

क्रमांक–

(कार्यालय उपयोग हेतु)

1.आवेदक का नाम (हिन्दी में) ::

(हिन्दी में) ::

2. पिता/पति का नाम (हिन्दी में) ::

(हिन्दी में) ::

3. स्थायी पता :: ग्राम.....पोस्ट.....थाना.....पंचायत.....

..... प्रखण्ड .....जिला.....पिन कोड.....

4. पत्राचार का पता :: ग्राम .....पोस्ट.....थाना.....

पंचायत.....प्रखण्ड.....जिला.....

.....पिन कोड.....

5. शैक्षणिक योग्यता ::

6. कम्प्युटर योग्यता (हॉ/नहीं) ::

7. कोई अन्य अनुभव ::

8. जन्म तिथि ::

9. आवेदक की श्रेणी (सामान्य/ई.डब्लु.एस/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति/पिछड़ा वर्ग/अति पिछड़ा वर्ग)

10. लिंग ::

11. संपर्क नम्बर.....Whatsapp No.....

12. ई–मेल नम्बर ::

घोषणा

मैं एतद् द्वारा घोषण करता/करती हूँ कि आवेदन पत्र में वर्णित सभी जानकारी सत्य वो सही है गलत पाये जाने पर मेरे विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

स्थान ::

दिनांक ::

आवेदक का हस्ताक्षर

कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गोपालगंज।

ज्ञापांक– 1642 दिनांक– 26.9.2025

प्रतिलिपि :: 1. कार्यालय सहायक इसे जिला विधिज्ञ संघ सभी न्यायालयों एवं समहारणालयों एवं नियोजनालय, गोपालगंज के नोटिस बोर्ड पर चश्पा करावें।

2. सिस्टम ऑफिसर द्वारा इसे सिविल कोर्ट न्यायालय के बेबसाइट पर अपलोड किया जाय।

सचिव, 26.09.25
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गोपालगंज।